
# श्याम टेलर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष

## अश्विनी परांजपे भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 22 नवंबर. हेमंत खंडेलवाल के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद उनकी टीम के आकार लेने का सिलसिला लगातार जारी है. शनिवार को बहुप्रतीक्षित भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गई है. श्याम टेलर अब भाजयुमो के नये प्रदेश अध्यक्ष होंगे, वहीं श्रीमती अश्विनी परांजपे भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष होंगी.**





शनिवार शाम को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिये. इसी के साथ लंबे समय से इन दोनों ही महत्वपूर्ण पदों को लेकर चल रहा अटकलों का दौर थम गया है.

शनिवार को ही प्रदेश अध्यक्ष ने तीन प्रभारियों की नियुक्ति भी की है. मनोरंजन मिश्रा को प्रदेश मोर्चा प्रभारी बनाया गया है, वहीं आशुतोष तिवारी को प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी का दायित्व दिया गया है. इसी तरह जितेन्द्र लिटोरिया को कार्यालय व्यवस्था प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है. इससे पहले प्रदेश भाजपा में मोर्चा और प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी. उससे पहले प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की गई थी.

> इस तरह अब प्रदेश भाजपा संगठन में नियुक्तियों का दौर अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है. वैभव पंवार अब तक भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे थे, वहीं माया नरोलिया महिला मोर्चा की कमान संभाल रही थीं.

# रेलवे ने एक अरब टन माल ढुलाई का आंकड़ा किया पार

**भोपाल, 22 नवंबर. भारतीय रेलवे का माल ढुलाई प्रदर्शन भारत की आर्थिक रीढ को लगातार मजबूत कर रहा है. इस वर्ष संचयी लदान 1 अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है- 19 नवंबर तक 1020 मिलियन टन तक पहुंच गया.**

यह उपलब्धि प्रमुख क्षेत्रों से व्यापक समर्थन को दर्शाती है: कोयला 505 मिलियन टन के साथ सबसे बड़ा योगदानकर्ता बना हुआ है, इसके बाद लौह अयस्क (115 मिलियन टन), सीमेंट (92 मिलियन टन), कंटेनर यातायात (59 मिलियन टन), कच्चा लोहा और तैयार इस्पात (47 मिलियन टन), उर्वरक (42 मिलियन टन), खनिज तेल (32 मिलियन टन), खाद्यान्न , इस्पात संयंत्रों के लिए कच्चा माल, और शेष अन्य सामान का स्थान है. दैनिक लदान लगभग 4.4 मिलियन टन पर मजबूत बना हुआ है, जो पिछले वर्ष के 4.2 मिलियन टन से ज़्यादा है, जो बेहतर परिचालन दक्षता और निरंतर मांग को दर्शाता है.

अप्रैल से अक्टूबर के बीच माल लदान इस सकारात्मक प्रगति को और भी पुख्ता करता है, जो 2025 में 935.1 मीट्रिक टन तक पहुंच जाएगा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 906.9 मीट्रिक टन था, जो साल-दर-साल एक अच्छी वृद्धि दर्शाता है. यह निरंतर गति, बेहतर दैनिक लदान दरों के साथ, भारत के औद्योगिक विस्तार और बुनियादी ढाँचे के विकास में सहयोग देने की रेलवे की क्षमता

## मंत्रालय के गलियारों से



**कन्हैया लोधी**

### विधायक जो माइक छोड़ने का इशारा नहीं समझ पाए

पिछले दिनों सरकार एक जिले के दौरे पर थे. अब मंच पर सरकार हो और यदि किसी को बोलने का मौका मिले, तो फिर वह अपनी काबिलियत दिखाने में पीछे नहीं रहते. पिछले दिनों कुछ ऐसा ही हुआ. सरकार के सामने मंच पर बोलने का मौका मिला तो एक विधायक जी रूकने का नाम नहीं ले रहे थे, इधर सरकार कुछ जल्दी में थे. विधायक जी को इशारे से बताया गया कि वे अपना भाषण बंद करें, लेकिन वे इशारा नहीं समझ पाये. नतीजा ये रहा कि सरकार को ही मोर्चा संभालना पड़ा, तब जाकर विधायक जी की बोलती बंद हुई.

### ....और मंत्रीजी नाराज हो गए

प्रदेश के मंत्री मंत्रालय में कम और फील्ड में ज्यादा नजर आते हैं. फील्ड के चक्कर में वे सप्ताह में दो दिन मंत्रालय में बैठने की नसीहत पहले ही काफूर हो चुकी है. पिछले दिनों एक कद्दावर मंत्रीजी फील्ड में थे, फील्ड में उनका सामना कुछ तीखे सवालों से हो गया, पहले तो उन्होंने सवालों को नजरअंदाज किया, लेकिन उससे भी बात नहीं बनी और सवाल जारी रहे तो साहब ने नाराजगी जताते हुए रवानगी दे दी. उनकी ये नाराजगी हांलाकि किसी को रास नहीं आई.

### किसी नेता से कम नहीं है अफसर

मंत्रालय की पांचवीं मंजिल में पदस्थ एक अफसर का अंदाज इन दिनों चर्चा में है. इस अफसर का अंदाज ऐसा है कि वे किसी नेताजी से कम नहीं लग रहे हैं. अक्सर ही उनके कमरे में नेताओं का जमावड़ा लगने लगा है. नेताओं के सामने साहब भी यादों की जुगाली करने में पीछे नहीं रहते. वे नेताओं को ये अहसास कराते रहते हैं कि वे सरकार के कितने करीबी हैं. कुछ नेता उनकी इस अदा के कायल हैं तो कुछ को उनका ये अंदाज अजीब भी लगता है. अब देखना ये है कि ये साहब की नेतागिरी मंत्रालय में कब तक चलती है.

# भारत एक हिंदू राष्ट्र है, उसे बनाना नहीं है

## पूर्व मुख्यमंत्री उमाभारती ने पत्रकार वार्ता में कहा-

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 22 नवंबर. पूर्व मुख्यमंत्री उमाभारती ने हिंदू राष्ट्र के अवधारण की वकालत की है. उन्होंने कहा है कि भारत हिंदू राष्ट्र है, उसे बनाना नहीं है. इसे केवल सभी को स्वीकार करना है.भारत हिंदू राष्ट्र है, इसलिये ही सेक्युलर है. यहां सर्वधर्म समभाव की बात होती है, विविधता मे एकता हिंदू देखता है.**

यह बात उन्होंने शनिवार को निवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान कही. उन्होंने कहा कि भारत हिन्दू स्टेट नहीं राष्ट्र है. अब समय है कि हिन्दू एक हो जाएं और जात-पात की भावना से ऊपर उठें. एक सवाल के जवाब में भारती ने कहा कि भारत में बहुसंख्यक होते हुए भी अपने धर्मस्थलों के लिये हमें कोर्ट में क्यों लड़ना पड़ता है. ये इसलिये कि हम में एकता की कमी है. उन्होंने का कि आर्थिक समानता होने से समाज में एकता का भाव आएगा. सभी जातियों के प्रति हमें उदारता दिखानी होगी. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने हिन्दू एकता और राष्ट्र के लिये पदयात्रा निकाली, उसने हिंदू राष्ट्र बनाने की बात कही. बुंदेलखंड से ऐसी विभूतियां निकलती है. एक ऐसा युवा जो हिन्दू एकात्मता की बात करता है, ये हमारे लिये सम्मान और गर्व की बात है.



> सुश्री भारती ने भ्रष्टाचार को देश के लिये सबसे बड़ा चैलेंज करार दिया. उन्होंने कहा कि हमें अपने देश का भ्रष्टाचार खत्म करना है. आरक्षण को लेकर कहा कि जहां आरक्षण है, उसके अतिरिक्त भी महत्वपूर्ण पदों पर वंचित वर्ग को रख सकते हैं. इसके लिये सभी दलों को एक होना चाहिए.

# 11वीं एवं 12 वीं के लिए नि :शुल्क कोचिंग की शुरूआत मंगलवार से

## कलेक्टर ने शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट उमावि बैढ़न पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 नवम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल ने अगले सप्ताह एनटीपीसी के सहयोग द्वारा संचालित होने वाली नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के संबंध में शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैढ़न पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा। जहां 11वीं एवं 12वीं के छात्रों से संवाद कर नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस का लाभ उठाने के लिए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।**



कलेक्टर ने शासकीय विद्यालय के 11वीं एवं 12वीं के छात्रों को आईआईटी, जेईई, नीट जैसे कॉम्पटेटिव एंट्रेंस एग्जाम की तैयारियों के लिए एनटीपीसी एवं चैतन्य एकेडमी के द्वारा संयुक्त रूप से संचालित करने की एक नई पहला चलाई गई है। जिसके तहत जिला मुख्यालय में स्थित उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल विद्यालय एवं शासकीय कन्या विद्यालय के कक्षा 11वीं एवं 12वीं में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों का चयन कर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जायेगी। इन कोचिंग क्लासेस का अगले सप्ताह के मंगलवार को शुभारंभ किया जाएगा। कलेक्टर ने 11वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत छात्रों से संवाद कर नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस को अटैंड करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों-छात्राओं ने भी क्लासेस के प्रति अपना पूरा उत्साह दिखाया।

# निर्माण एजेंसी की लापरवाही उजागर, सड़क किनारे झाड़ियों ने छीनी चालकों की दृश्यता

## सड़क किनारे घनी झाड़ियों से सकरा हुआ मार्ग, हर मोड़ पर मंडराता हादसे का खतरा, रात में गुजरना बना चुनौती

**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 22 नवम्बर। जिले के मोरवा स्टेशन से परसोहर तक की सड़क इन दिनों वाहन चालकों के लिए खतरे का पर्याय बन चुकी है। सड़क के दोनों ओर फैली बड़ी-बड़ी झाड़ियों ने न केवल रास्ते को सकरा कर दिया है, बल्कि कई जगह दृश्यता इतनी कम हो गई है कि सामने से आ रही गाड़ियों का पता ही नहीं चलता। परिणामस्वरूप इस मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे दर्ज हो रहे हैं। बावजूद इसके सड़क के रखरखाव के लिए जिम्मेदार विभाग पूरी तरह मौन है।**



जानकारी के अनुसार इस मार्ग का निर्माण एनसीएल द्वारा कराया गया था और इसके बाद सड़क की मरम्मत व देखरेख की जिम्मेदारी भी एनसीएल पर ही थी। लेकिन विभाग ने सड़क बनाने के बाद मानो अपनी जिम्मेदारी से किनारा कर लिया। न तो रोड साइड से झाड़ियां कटाई गईं, न ही मोड़ों पर सुरक्षा का कोई इंतजाम किया गया। परिणामस्वरूप यह सड़क हादसों का हॉटस्पॉट बन गई है। इसी तरह बगैहा से बुढ़ाडोल मार्ग तक एमपी आरडीसी के अंतर्गत आने वाली सड़क पर भी हालात बेहद चिंताजनक हैं। सड़क किनारे उगी घनी झाड़ियों ने कई मोड़ों पर दृश्यता शून्य के बराबर कर दी है। वाहन चालक बताते हैं कि शाम होते ही झाड़ियों के बीच से अचानक बाइक या छोटे वाहन निकल आते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि एनसीएल और एमपीआरडीसी पर सख्ती करते हुए जल्द से जल्द सड़क किनारे उगी झाड़ियों की सफाई करवाई जाए, ताकि सामान्य यातायात सुचारु रूप से चल सके और हादसों पर रोक लगे।

### रखरखाव पर ध्यान न देना ही हादसों की असली वजह

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार एनसीएल और एमपी आरडीसी अधिकारियों से झाड़ियां कटवाने व सड़क किनारे सफाई की मांग की, लेकिन हर बार शिकायतें कागजों में ही दब कर रह गईं। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन रखरखाव पर ध्यान न देना ही हादसों की असली वजह है। लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण कई बार छोटी-बड़ी दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी घटनाओं से कोई सबक नहीं ले रहे। यदि तुरंत झाड़ियों की कटाई और रोड किनारे सफाई नहीं कराई गई, तो आगामी दिनों में बड़े हादसे भी हो सकते हैं।

# कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर की छात्राओं किया गया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**सिरमौर 22 नवंबर,** पुलिस अधीक्षक की शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी संदीप मिश्रा के निर्देशन में आज साशकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में थाना बैकुंठपुर प्रभारी जे.पी. पटेल के द्वारा छात्राओं को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम चलाया गया. विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रोंओ को ऑपरेशन मुस्कान के महत्व को विस्तार से समझाया गया. बच्चों को यह भी बताया गया कि किसी व्यक्ति के झांसे में आकर कभी अनजान व्यक्ति के साथ न जाए. - घर से कभी माता-पिता से बिना बताए बाहर न जाए. - माता-पिता अभिभावक एवं गुरु से कोई बात न छुपाए उनकी आज्ञा का पालन करें. आसामाजिक तत्वों से दूर रहें, घर में किसी बड़ों के डांट में या कुछ कह देने पर घर छोड़कर ना जाए. जीवन में नशे से दूर रहे और लोगों को जागरूक करें. स्वयं भी और अपने परिवार वालों को दो- पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें.




## कार्यालय नगर पालिक निगम, सतना (म0प्र0)

NIT क्रमांक 01 / NULM/ न.पा.नि./ 2025 — सतना, दिनाँक - 21/11/2025

**-:ई - निविदा द्वारा अभिरूचि प्रस्ताव आमंत्रण - सूचना:-**

अमृत 2.0 योजना "वूमेनफारट्री" अभियान अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओ को "अमृतमित्र" के रूप में संलग्न कर पौधा रोपण तथा उनका रखरखाव (O&M) कार्य किया जाना है। इस पौधा रोपण तथा उनका रखरखाव (O&M) कार्य हेतु संस्था का चयन किया जाना है। इस कार्य हेतु नगर पालिक निगम सतना में DAY-NULM के तहत पंजीकृत स्व-सहायता समूह से ऑनलाईन ई-निविदा के माध्यम से अभिरूचि प्रस्ताव आमंत्रित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के अनुक्रम में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को "अमृतमित्र" के रूप में चयनित करने हेतु अमृत 2.0 एवं एनयूएलएम शाखा द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित"अभिरूचि का प्रदर्शन( Expression of Interest )" का प्रारूप वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | धरोहर राषि (रुपये) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रुपये) | समय-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD 464187_1 | अमृत 2.0 योजना "वूमेनफारट्री" अभियान अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओ को "अमृतमित्र" के रूप में संलग्न कर पौधा रोपण तथा उनका रखरखाव (O&M) कार्य किया जाना है। | 2,000/- | 1,000/- | कार्यादेश प्राप्ति से 01 वर्ष |

शर्तें:- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 22.11.2025 समय 15.30 से दिनांक 08.12.2025 समय 17.30 बजे तक ऑनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा । 2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम सतना ( म0प्र0 )


# हम सीधे बच्चों से बात करते हैं, क्योंकि वही भविष्य हैं : मनीष

## स्काईलार्क पब्लिक स्कूल बैढ़न में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 नवम्बर। स्काईलार्क पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आज दिन शनिवार को आयोजित किया गया, जहां करीब सैकड़ों छात्र-छात्राएँ, अभिभावक एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।**



कार्यक्रम के दौरान एसपी मनीष खत्री ने एनुअल फंक्शन में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि सुरक्षा, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के महत्व पर अपना संदेश दिया। कार्यक्रम में एसपी ने संबोधित करते हुये कहा कि पुलिस और समाज के बीच सर्वश्रेष्ठ संवाद तब स्थापित होता है जब हम सीधे बच्चों से बात करते हैं, क्योंकि वही भविष्य हैं। सुरक्षित, शिक्षित और आत्मविश्वासी भविष्य ही एक प्रगतिशील समाज का आधार है। अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, मानव तस्करी, साइबर अपराध, गुड टच-बैड टच, मोबाइल व सोशल मीडिया सुरक्षा तथा सामाजिक दुष्प्रवृत्तियों के प्रति जागरूक किया गया।



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 नवम्बर।** आज भाजपा मण्डल विंध्यनगर में विधायक रामनिवास शाह एवं बीजेपी जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह ने सभी बीएलए-2 के साथ बैठक कर एसआईआर पर चर्चा किये। बैठक में विधायक ने कहा कि सशक्त एवं समृद्ध लोकतंत्र के निर्माण में एसआईआर की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता सूची पूर्ण रूप से त्रुटि रहित और विश्वसनीय होगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विनोद चौबे, मण्डल अध्यक्ष नीरज पाण्डेय समेत अन्य मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीथमपुर जिला धार (म.प्र.)

Email-cmopithampur@mpurban.gov.in

क्रमांक / 7419 / न. पा. / 25 — पीथमपुर, दिनांक :- 19/11/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद् पीथमपुर जिला धार द्वारा निम्नलिखित कार्य की निविदा विज्ञप्ति सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल (www.mptenders.gov.in) पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | सामग्री का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _463577 | निकाय के सीवर सक्शन वाहन, एम्बुलेंस वाहन एवं ओपन डम्पी वाहन मरम्मत कार्य | 04 माह 10.00 लाख | 2000/- 10000/- | 04.12.2025 |

( श्रीमती सेवन्ती सुरेश पटेल)
अध्यक्ष
नगर पालिका पीथमपुर, जिला धार

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पीथमपुर,जिला धार


## पेज एक का शेष

### 36600 करोड़ का निवेश प्रस्ताव मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को हैदराबाद में आयोजित 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश' सत्र में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे.

**बिना राजनीति एजेंडे के अन्य राज्यों की यात्राएं की:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अन्य राज्यों में उन्होंने बिना राजनैतिक एजेंडा के सिर्फ एक उद्देश्य, औद्योगिक निवेश को लेकर यात्राएं की हैं. ऐसे इंटरैक्टिव सेशन मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास की बहुआयामी संभावनाओं को बताने और निवेश के लिए आमंत्रित करने का माध्यम बने हैं. यह क्रम चलता रहेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इस कथन पर उद्योगपतियों और निवेशकों ने उनका समर्थन करते हुए करतल ध्वनि से स्वागत किया.

**एक्सिस ने दिया 29500 करोड़ का निवेश प्रस्ताव:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हैदराबाद में आयोजित 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश' सत्र में उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की. चर्चा के दौरान 10 कम्पनियों द्वारा 36 हजार 600 करोड़ के निवेश प्रस्ताव दिए गए. इससे लगभग 27 हजार 800 रोजगार सृजित होंगे. प्रमुख निवेश प्रस्ताव में एजीआई ग्रीनपैक कम्पनी द्वारा पैकेजिंग इंजीनियरिंग सेक्टर में 1500 करोड़ रुपये, एक्सिस एनर्जी वेंचर्स इंडिया कम्पनी द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा सेक्टर में 29 हजार 500 करोड़ रुपये, अनंत टेक्नालॉजीज कम्पनी द्वारा एयरो स्पेस सेक्टर में एक हजार करोड़, ऑटोमेटस्की सॉल्यूशंस कम्पनी द्वारा आईटी सेक्टर में एक हजार करोड़, कोलाबेरी इंक कम्पनी द्वारा फार्मा एण्ड ट्रेडिंग सेक्टर में एक हजार करोड़ रुपये, डर्माक्योर फार्मास्युटिकल्स कम्पनी द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा एवं आईटी सेक्टर में 150 करोड़ रुपये, विंडपोनिक्स इण्डिया कम्पनी द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा एवं कृषि सेक्टर में 280 करोड़ रुपये, विंटेज कॉफी एण्ड बेवरेजेस लिमिटेड कम्पनी द्वारा फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में 1100 करोड़ रुपये, विश्वनाथ प्रोजेक्ट्स लिमिटेड कम्पनी द्वारा अधोसंरचना सेक्टर में 350 करोड़ रुपये और वुमेनोवा एग्रो फूड पार्क प्राइवेट लिमिटे कम्पनी द्वारा फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में 720 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव दिया गया. मुख्यमंत्री ने फार्मा एवं बायोटेक सेक्टर की राउंडटेबल बैठक में फार्मा एवं बायोटेक जगत के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की.

# केविनकेयर के चिक ने श्वेता तिवारी के साथ लॉन्च किया चिक क्विक क्रेम

**नवभारत न्यूज**

**रीवा 22 नवंबर, केविनकेयर के भरोसेमंद हेयर-केयर ब्रांड चिक ने क्रेम कैटेगरी में कदम रखते हुए नया टेलीविजन कैंपेन- "10 ऑन 10 हेयर कलर" लॉन्च किया है, जिसमें टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी मुख्य भूमिका में हैं।**

30 सेकेंड की इस टीवीसी में चिक क्विक क्रेम के 10 मिनट में चमकदार बालों का रंग देने का वादा दिखाया गया है। यह अभियान उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हिंदी में प्रसारित होगा और यूट्यूब पर भी देखा जा सकता है। टीवीसी लिंक- https://youtu.be/kklT&MpimiM

फिल्म की शुरुआत में श्वेता तिवारी अपने दो दोस्तों के साथ हैं, जो अचानक आए प्लान में शामिल होने से हिचकिचा रहे हैं क्योंकि उनके बाल ग्रे हैं और उन्हें रंगने में समय लगेगा। श्वेता उन्हें नई चिक क्विक क्रेम से परिचित कराती हैं — यह 10 मिनट में काम करने वाला फॉर्मूला, सिंगल-यू? सैशे में उपलब्ध है, जिससे बालों को रंग जल्दी और आसानी से किया जा सकता है। इसमें आंवला और भृंगराज शामिल हैं और यह सिर्फ रु.10 में प्रभावी परिणाम देता है। फिल्म में दोस्त रंग बदलने के बाद पहले की तुलना में नए रूप में दिखाई देते हैं, जिससे बालों के रंग और आत्मविश्वास में बदलाव स्पष्ट देखने को मिलता है। केविनकेयर के पर्सनल केयर बिज़नेस हेड, श्री रजत नंदा ने कहा, "हम यह दिखाना चाहते थे कि बालों का रंग बदलना समय लेने वाला या महंगा नहीं होना चाहिए। चिक क्विक क्रेम हर किसी के लिए तेज़, सुविधाजनक और किफायती विकल्प है। श्वेता तिवारी इस अभियान के लिए सही चेहरा हैं, क्योंकि वह हिंदी-भाषी दर्शकों के बीच लोकप्रिय और भरोसेमंद हैं।" चिक ने हमेशा किफायती और गुणवत्तापूर्ण हेयर-केयर उत्पाद उपलब्ध कराए हैं।




**In The Court Of Additional Judge to I Civil Judge Class I, Civil Court Rampur, Baghelan, Distt. Satna**

Presiding Officer: आनंद बागरी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0200027/2016)

बिहारी लाल .....वादी

Vs

इन्द्रमणि ब्राह्मण .....प्रतिवादी

Process Id-16 /2025

पेशी दिनांक -19/12/2025

प्रेषिती-

(1)पवित्रा पुत्री कुसुमकली पता- निवासी ग्राम बडेरा तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र., (2) माधुरी पुत्री कुसुमकली पता- निवासी ग्राम बडेरा तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र., (3) गायत्री पुत्री चन्द्रकली उर्फ चन्द्रवती पता- निवासी ग्राम बडेरा तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र.,(4) कविता पुत्री चन्द्रकली उर्फ चन्द्रवती पता- निवासी ग्राम बडेरा तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र., (5) संगीता पुत्री चन्द्रकली उर्फ चन्द्रवती पता- निवासी ग्राम बडेरा तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र.,

यह कि प्रार्थी बिहारी लाल ने आपके विरुद्ध स्वत्व घोषणा के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें. यह आज तारीख 18 नवंबर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
सतना के न्यायालय के अतिरिक्त व्यवहार
न्यायाधीश रामपुर बाघेलान, जिला सतना (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



## कार्यालय नगर पालिक निगम, बुरहानपुर

**:: निविदा सूचना ::**

निविदा क्रः- वाहन शाखा / 2025 / 07 — बुरहानपुर दिनांकः- 21/11/2025

नगर पालिका निगम, बुरहानपुर द्वारा ऑनलाईन http://www.mpetenders.gov.in के माध्यम से पंजीकृत ठेकेदारों से दरें आमंत्रित कि जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा नं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | अमानत राशि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _464035_1 | Tender Inviting for Hiring of Various Vehicles on Rent. | 40,00,000/- | 40,000/- | 28.11.2025 |
| 2 | 2025_UAD _457071_2 | Supply of Tractor with Multipurpose Loader. | 26,00,000/- | 19,500/- | 04.12.2025 |

कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mpetenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

सहायक आयुक्त
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम, बुरहानपुर